हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 15 जून 2025, समय 1305 (5 मिनट)

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आज कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर पर योग मैराथन का आयोजन किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने योग मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा -

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के इस बार के थीम के अनुसार हरियाणा के युवाओं को योग से जोड़ कर नशों से दूर करने का संकल्प लिया गया है। हमारी संवाददाता ने बताया है कि इस योग मैराथन में हजारों बच्चों, जवानों व महिलाओं ने भी भाग लिया। मैराथन के धावकों पर मुख्यमंत्री नायब सैनी और जिलाध्यक्ष व उपायुक्त नेहा सिंह ने फूल बरसाए। योग मैराथन कुरुक्षेत्र ब्रह्मसरोवर से शुरू होकर रेलवे मार्ग, पंजाबी धर्मशाला से होते हुए पुरुषोत्तमपुरा बाग में संपन्न हुई। योग मैराथन में भाग लेने वाले विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महिला और पुरुष वर्ग में प्रथम आने वालों को 51-51 हजार, दूसरे स्थान पर आने वाले को 31-31 हजार, तीसरे स्थान पर रहने वाले को 21-21 हजार और अन्य 14 को 10-10 हजार रुपये के पुरस्कार दिए गए। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कुरुक्षेत्र में लाखों की संख्या में लोग योग करने पहुँचेंगे। पंजाब में लुधियाना के उपचुनाव पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उपचुनाव में बीजेपी जीत का परचम लहराएगी। उन्होंने अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में दिवंगत हुई कुरुक्षेत्र के गांव रामशरण माजरा की बेटी को श्रद्धांजलि अर्पित की व सभी मृतकों के लिए शोक व्यक्त किया।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के साथ चलने का मन बना लिया है। पंजाब के लोगों में जो जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। इसको देखते हुए लगता है

कि 2027 के विधानसभा चुनाव में राज्य में एक बी जे पी की मजबूत सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब में पिछली सरकारों और मौजूदा आम आदमी पार्टी की सरकार ने लोगों के साथ विश्वासघात किया और पंजाब को पीछे धकेलने का काम किया। मुख्यमंत्री कल उपचुनाव के लिए प्रचार के दौरान लुधियाना में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी व कांग्रेस भ्रष्टाचार के दल-दल में फसी पड़ी हैं। जो बातें आम आदमी पार्टी ने पंजाब के लोगों से कही थी उन बातों पर पार्टी खरी नहीं उतरी जिससे पंजाब लगातार पीछे जा रहा है। श्री नायब सिंह ने कहा कि हमारी नीति और नीयत स्पष्ट होने के साथ- साथ हमारा नेतृत्व भी मजबूत है, लेकिन कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की न ही नीति स्पष्ट है, न ही काम करने की नीयत और नेतृत्व का तो कुछ पता ही नहीं है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) एक स्वतंत्र संस्था है। पंजाब गुरुओं की धरती है जिस धरती से गुरुओं ने अपने धर्म और कौम की रक्षा के लिए बड़ी कुर्बानियां दी हैं, ऐसी कुर्बानियां दुनिया में किसी ने नहीं दी और न ही देखने को मिलती हैं। हमारे गुरुओं ने शिक्षा भी दी है कि कोई भी आदमी प्यासा ना रहे, सबको पीने का पानी मिले, लेकिन पंजाब सरकार ने हरियाणा का पीने का पानी रोका। पंजाब सरकार ने स्वार्थ की राजनीति की और इस पर लोगों को गुमराह करने का काम किया।

****

गुजरात में विमान दुर्घटना के पीड़ितों की पहचान के लिए डीएनए मिलान प्रक्रिया जारी है। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा है कि कल रात 9 बजे तक 19 डीएनए नमूनों का मिलान किया गया। फोरेंसिक टीमें दिन-रात डीएनए नमूनों का मिलान करने में लगी रहीं। इस बीच, मृतकों के परिवारों की सुविधा के लिए सिविल अस्पताल में व्यापक व्यवस्था की गई है। अहमदाबाद सिविल अस्पताल के अधीक्षक डॉक्टर राकेश जोशी ने कहा कि प्रत्येक पीड़ित के लिए एक अलग टीम आवंटित की गई है।

****

आज हरियाणा और चंडीगढ़ में हवा चलने, बादल छाने व कहीं कहीं हल्की बूँदाबाँदी होने से लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम विभाग ने कहा है कि आज चंडीगढ़, पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और कैथल सहित कई ज़िलों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से धूलभरी तेज हवाएं चलेगी और हल्की वर्षा होने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने रोहतक, भिवानी और चरखी दादरी सहित कुछेक स्थानों पर गरज के साथ बूंदाबांदी होने का अनुमान लगाया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण लगातार 20 जून तक 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से आंधी चल सकती है और कल व परसों कहीं कहीं व 18 जून को कुछेक स्थानों पर और उसके बाद कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं। विभाग के अनुसार आज अधिकतम तापमान में भी 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हो सकती है।

****